पत्रांक–प्र0/मु.मं.नि.यो.–10–02/2017/5367/पं0रा0

बिहार सरकार
पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

अमृत लाल मीणा,
प्रधान सचिव।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 28/08/2019

**विषयः कार्यपालक सहायकों की सेवा बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के पैनल से उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

पंचायती राज विभाग द्वारा बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के जिला स्तरीय पैनल से ग्राम पंचायतों में कार्यपालक सहायकों की सेवा उपलब्ध कराई जा रही है।

2. अभी हाल में ऐसा निर्देश निर्गत हुआ है कि कार्यपालक सहायकों की सेवा वेल्ट्रॉन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

3. इस परिपत्र के जारी होने के कारण जिला स्तरीय पैनल से कार्यपालक सहायकों की सेवा मिलना बन्द हो गया है, जिसके कारण कई जिलों में कार्य प्रभावित हुए हैं। जिला स्तर पर बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के पैनल से सुगमतापूर्वक कार्यपालक सहायकों की सेवा प्राप्त हो जाती थी। इससे पंचायती राज संस्थाओं की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अतः अनुरोध है कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के पैनल से ही कार्यपालक सहायकों की सेवा उपलब्ध कराने के पूर्ववत् व्यवस्था को जारी रखने के संबंध में निर्णय लेकर सभी जिला पदाधिकारियों को निदेशित किया जाए।

विश्वासभाजन

28.8.19

(अमृत लाल मीणा)
प्रधान सचिव,
पंचायती राज विभाग, बि

PS letter to ACS -28 08 2019

Scanne